## कांके डैम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण है अधूरा

# क्या इस पर कभी होगी कारवाई ?

▸ व्यवस्था ने आम जनता की उम्मीदों पर फेर दिया है पानी

नवीन मेल संवाददाता। रांची




कांके डैम का गंदा पानी पीने को विवश लोगों के जेहन में यह सवाल अक्सर गूंजता है कि क्या इसी दिन के लिए अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ था। क्या इसी दिन के लिए झारखंडी आंदोलनकारियों ने त्याग और बलिदान दिया था। सरोवर नगर के पास बन रहे सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कुएं में रातू रोड से सरोवर नगर तक की नाली का पानी, करमा नाला और रातू नाला का पानी, क्लीनिकों का अपशिष्ट पदार्थ, पंडरा के पास के छोटे कल-कारखानों का जहरीला रसायनयुक्त पानी जाता है। सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी आधा-अधूरा है। आम लोगों के लिए सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बन कर तैयार हो गया था, लेकिन यह कभी शुरू ही नहीं हुआ। क्योंकि, इस प्लांट का निर्माण कभी पूरा हुआ ही नहीं था। व्यवस्था ने आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अफसर तो आरओ का पानी पी रहे हैं, जबकि जनता को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक गंदा पानी के लिए छोड़ दिया गया है। सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण आधा-अधूरा है, लेकिन इस ओर शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं जाता है। क्या आमलोग बीमार पड़ते ही रहेंगे? क्या कभी इस पर शासन-प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा? जनता को इस प्रश्न का जवाब चाहिए।

## हर विश्वविद्यालय में हो रही है वोकेशनल विषयों की पढ़ाई

# राज्य में वोकेशनल कोर्स के लिए नहीं है शिक्षक का स्वीकृत पद



रजनीश

रांची। झारखंड के विश्वविद्यालयों में अलग-अलग विषयों के वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई होती है। इन विषयों से स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के हजारों छात्र-छात्राएं पास होकर निकलते हैं। वहीं, झारखंड में वोकेशनल विषयों के शिक्षक के लिए पद स्वीकृत नहीं हैं। विश्वविद्यालय और कॉलेज सेल्फ फाइनेंस के रूप में वोकेशनल विषयों का संचालन करती है। आम तौर पर सभी विश्वविद्यालयों या कॉलेजों में एक स्थायी शिक्षक को विभाग की जिम्मेदारी दी जाती है और गेस्ट व अनुबंध शिक्षकों को पढ़ाने के लिए रखा जाता है। आज के समय में एमबीए, एमसीए जैसे कई कोर्स में झारखंड में हजारों की संख्या में नामांकन करवाते हैं। कई वोकेशनल के छात्र असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की इच्छा रखते हैं, लेकिन झारखंड में स्थायी सहायक प्राध्यापक नहीं बन सकते हैं। वोकेशनल कोर्स से विश्वविद्यालयों की कमाई करोड़ों में होती है। रांची विश्वविद्यालय में 26 वोकेशनल कोर्स चलते हैं, जिसमें लगभग हर साल 3000 छात्र-छात्राएं नामांकन लेते हैं। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में 5 वोकेशनल कोर्स चलते हैं, जिसमें हर साल लगभग 900 छात्र नामांकन लेते हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा में 4 वोकेशनल कोर्स चलते हैं। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू में 8 वोकेशनल कोर्स हैं, जिसमें लगभग 1000 छात्र-छात्राएं हर साल नामांकन करवाते हैं। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 9 वोकेशनल कोर्स चलते हैं, जिनमें हर साल लगभग 700 छात्र दाखिला लेते हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुल 19 वोकेशनल कोर्स चलते हैं और यहां हर साल लगभग 3000 विद्यार्थी नामांकन करवाते हैं।

### पीएचडी करने में आती है कठिनाई

वोकेशनल कोर्स करने के बाद छात्र अगर आगे पीएचडी करना चाहें, तो उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। झारखंड में वोकेशनल के रेगुलर शिक्षक नहीं होने से या तो उन्हें अपना गाइड झारखंड के बाहर के विश्वविद्यालयों से लाना होता है, या फिर किसी संबंधित विषय के अंदर पीएचडी करना होता है।

### वोकेशनल का पद स्वीकृत नहीं होना हमारा दुर्भाग्य : ठाकुर

▸ छात्र झारखंड में नहीं बन सकते हैं स्थायी सहायक प्राध्यापक

झारखंड में वोकेशनल शिक्षक एसोशिएन के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि हमारा दुर्भाग्य है कि वोकेशनल के स्वीकृत पद नहीं हैं। वोकेशनल विषयों से स्नातक, स्नातकोत्तर करने में समय और पैसा दोनों लगता है। इसकी पढ़ाई करके स्थायी शिक्षक बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता है। गेस्ट या अनुबंध में ही हम पढ़ा सकते हैं। मेरी मांग है कि वोकेशनल विषयों के लिए स्वीकृत पद हो।



## सीएम का गिरिडीह-धनबाद में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम कल

**रांची।** गिरिडीह के गांडेय में नौ सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होगा। यहां गिरिडीह और धनबाद जिला का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधिक्षक डॉ विमल कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल फुटबॉल मैदान ताराटांड़ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, स्टेज निर्माण, हेलीपैड, वाहनों के आवगमण, वाहन पार्किंग आदि के संबंध में चर्चा कर संबंधित पदधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति के साथ करें, ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाए।

## समर्पण शाखा ने 17वें स्थापना दिवस पर किया नंद उत्सव का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने 17वें स्थापना दिवस पर नंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राधा कृष्ण की थीम पर रखा गया था। कार्यक्रम की संयोजिका सुमिता लाठ एवं मीना टाईवाला ने पूरे कार्यक्रम को सजाया था। उन्होंने बताया, नंद उत्सव के कार्यक्रम में कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई थीं। इसमें शाखा सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सदस्यों के अलावा आउट साइड मेंबर्स ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और भरपूर आनंद उठाया। कई मेंबर्स अपने अपने घरों से लड्डू गोपाल को सजा कर लाई थीं। कार्यक्रम में बेस्ट राधा कृष्ण की जोड़ी, डांस प्रतियोगिता, बच्चों के लिए डांस रखा गया था। इसके अलावा भजनों की हौजी और अंताक्षरी का कार्यक्रम रखा गया था। मस्ती के साथ-साथ खाने की भी व्यवस्था थी। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने बताया, नंद उत्सव यह कार्यक्रम अग्रेसन भवन में रखा गया था। कार्यक्रम में सभी विनर्स को पुरस्कृत किया गया।

## लॉरेटो कॉन्वेंट में ड्रग्स को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




नवीन मेल संवाददाता। रांची

लॉरेटो कॉन्वेंट, रांची में शनिवार को ड्रग्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। दो घंटे चले अभियान में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी झारखंड, सीआईडी झारखंड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने क्लास 6 से 12 की बालिकाओं को ड्रग्स के विनाशकारी परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीआईडी झारखंड से डीआईजी संध्या रानी मेहता ने ड्रग्स बेचने और सेवन करने वालों के संबंध में सूचना देने की अपील की। उन्होंने अपना और दो और डीएसपी रैंक अधिकारियों का मोबाइल नंबर बच्चों को दिया, जिसे किसी भी वक्त बच्चे और स्कूल प्रशासन नशे को लेकर किसी भी परेशानी के संबंध में संपर्क कर सकते हैं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सुपरिटेंडेंट श्री शारीक ओमर ने विस्तार से विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्परिणाम के बारे में बताया कि कैसे वह शारीरिक और मानसिक रूप से शरीर दिमाग और पूरे परिवार की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता हैं। यह बताया गया कि किस तरह यह साइलेंट टेररिज्म का हिस्सा है और देश को कमजोर करने के लिए एक बहुत बड़ी साजिश।

## सेल में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व करेगा सीईटी रांची

**रांची।** सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), सेल की इन-हाउस कंसल्टेंसी विंग, सेल में कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व करने और उन्हें परामर्श प्रदान करने के लिए तैयार है। दुर्गापुर स्टील प्लांट (डीएसपी) में नई बार मिल और राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में नई स्टांप चार्ज बैटरी के लिए 6500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय की सेल बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। डीएसपी परियोजना के लिए शनिवार को कार्य-आदेश जारी कर दिया गया है। सीईटी ने इसका व्यवहार्यता अध्ययन किया है और अब इसमें संपूर्ण इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नई बार मिल 8 मिमी से 25 मिमी की व्यास सीमा में प्रति वर्ष 1 मिलियन टन सरिया का उत्पादन करने वाली एक उच्च गति वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मिल होगी। इस मिल की स्थापना से डीएसपी अपने उत्पाद मिश्रण को उच्च श्रेणी के उत्पादों के साथ समृद्ध करने और किसी भी सेमी की बिक्री को समाप्त करने में सक्षम होगा।

# संजय सेठ ने की दिव्यांग कलाकारों के असाधारण प्रदर्शन की सराहना

## रांची में आयोजित दिव्य कला मेले में दिखी दिव्य कला शक्ति

नवीन मेल संवाददाता। रांची



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग ने दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रांची के हरमू मैदान में चल रहे ग्यारह दिवसीय दिव्य कला मेला के दसवें दिन शनिवार को किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, सीएमडी, एनडीएफडीसी नवीन शाह, शशि प्रकाश झा, निदेशक, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, झारखंड, सीईओ, झारखंड राज्य सहकारी बैंक बृजेश्वर नाथ, निदेशक, सीआरसी तथा एनडीएफडीसी, नई दिल्ली के पदाधिकारी उपस्थित थे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी दिव्यांग कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की और दिव्यांगजनों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर होते रहेंगे। उन्होंने सभी समूहों के प्रदर्शन की सराहना की। सीएमडी, एनडीएफडीसी नवीन शाह ने सभी गण्यमान्य लोगों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। झारखंड सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग के निदेशक शशिप्रकाश झा ने दिव्यांगजनों को प्रेरित किया और उनसे आग्रह किया कि वे अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानें।

कला हो, खेल हो या तकनीकी शिक्षा, हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि वे रांची को एक सुंदर,स्वच्छ और दिव्यांगजन के लिए सुगम्य शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे छह राज्यों के लगभग 60 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में लोक और क्षेत्रीय नृत्य रूपों का एक अनूठा संयोजन देखने को मिला। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कोरियोग्राफर के साथ उनके पूर्वाभ्यास और अभ्यास सत्र की व्यवस्था की।

## सैकड़ों युवाओं ने ग्रहण की झामुमो की सदस्यता

# राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम कर रही सरकार : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता। रांची



गढ़वा, रांची, खूंटी, लातेहार, पलामू, पूर्वी सिंहभूम जिले के सैंकड़ों युवाओं ने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने युवाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री फागू बेसरा, राज्य सभा सदस्य डॉ महुआ माजी, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे और झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित थे। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवा मुख्य रूप से अभाविप (भाजपा) के एवं अन्य दलों के पदाधिकारी रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी का पार्टी मे स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी और जोहार कहा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम कर रही है। इस राज्य में असीम क्षमता है। राज्य अलग हुए आज 24 साल हो गए हैं। राज्य की पहचान है कि यह वीरों की धरती है। इस राज्य में कई ऐसी चीजें की गई हैं, जो लोगों स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। हमारी सरकार के चार वर्षों से भी अधिक समय का कार्यकाल आपने ने देखा है। कई चुनौतियां आईं, पर हमने हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने हर समस्या का मुस्तैदी से मुकाबला किया, चाहे वो कोरोना की बात हो, चाहे राजनीतिक संघर्ष की बात हो। आज गांव गांव, शहर शहर लोगों के चेहरे पर मुस्कान है। मेरा यही मानना है कि राज्य तभी समृद्ध हो सकता है, जब राज्य के लोगों के चेहरे पर मुस्कान हो। हमारा हर प्रयास उसी दिशा मे रहा है कि राज्य की जनता खुशहाल रहे और अपनी खुशहाली के साथ राज्य को भी आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सदस्य महुआ माजी की अध्यक्षता में काजी इमारत-ए-शरिया मुफ्ती अनवर कासमी साहब, नाजिम इदारा-ए-शरिया मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी साहब आदि ने मुलाकात की। उन्होंने आगामी 16 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी के जुलुस-ए-उर्स में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## नाले की नियमित सफाई कराते हुए गाद हटवाएं : नगर आयुक्त

**रांची।** सेवा सदन, अपर बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले नाले के अपशिष्ट जल को साफ कर बड़ा तालाब में प्रवाहित करने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने सेवा सदन के समीप तीन एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया है। यह पिछले साल नवंबर से कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त संदीप सिंह ने निगम के पदाधिकारियों और अभियंताओं के साथ एसटीपी प्लांट तथा आस-पास के क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने टीम को पूर्व से बने नाले की नियमित सफाई कराते हुए गाद को हटवाने का निर्देश दिया। साथ ही अभियंताओं को एसटीपी की नियमित मॉनीटरिंग करने को कहा।

# न्यूज बॉक्स

### रांची में सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**रांची।** राजधानी के बीआईटी ओपी क्षेत्र के मुख्य सड़क पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के चकुलिया निवासी अमल गोप के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो पर सवार होकर अमल गोप रांची की ओर आ रहा था। इसी क्रम में ऑटो के अंसतुलित होने पर अमल अचानक सड़क पर गिर गया। इसी दौरान वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ओपी प्रभारी रौशन ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### पुलिस के साथ बदतमीजी और मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के न्यूक्लियस मॉल चौक के समीप एंटी क्राइम और डक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान दो युवकों ने पुलिस के साथ बदतमीजी की थी। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात लालपुर थाना पुलिस न्यूक्लियस मॉल चौक के समीप एंटी क्राइम और डक एंड ड्राइव चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के टुंकी टोला निवासी दो युवक रवि रंजन लकड़ा और विनोद लकड़ा स्विफ्ट डिजायर कार में वहां पहुंचे। जांच कर रहे पुलिसकर्मियों से शराब के नशे में बदतमीजी की। इसके बाद पुलिस दोनों को थाने ले गई। थाने में तैनात ओडी अफसर से दोनों ने मारपीट की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को शनिवार को जेल भेज दिया।

### दुमका से रांची के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत 15 को

**रांची।** दुमका से रांची के लिए वंदे भारत ट्रेन का शुभांरभ 15 सितंबर को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से टाटानगर से बैद्यनाथ धाम-काशी विश्वनाथ वंदे भारत ट्रेन और दुमका रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने बैद्यनाथ धाम से काशी विश्वनाथ और दुमका से रांची वंदे भारत ट्रेन की मंजूरी दी है। दुमका-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा में मात्र 4 घंटे का समय लगेगा। ट्रेन गोड्डा, देवघर व मधुपुर से न्यू गिरिडीह स्टेशन होते हुए जमुआ, राजधनवार, कोडरमा, बरही व हजारीबाग होते हुए रांची तक जाएगी। इस ट्रेन की समय सारणी भी जल्द जारी हो जाएगी। इस ट्रेन में जनरल बोगी नहीं होगी। ट्रेन का टिकट दूसरी ट्रेन की तुलना में अधिक होगा। टाटानगर से बैद्यनाथ धाम काशी विश्वनाथ वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से सुबह 6:20 बजे खुलेगी। सुबह 9:10 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी और दोपहर 13:30 बजे बैद्यनाथधाम स्टेशन पहुंच जाएगी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से देवघर में बाबा बैद्यनाथ व गया में विष्णु पद मंदिर व वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक घोषणा बाकी है।

### वकीलों के साथ धोखाधड़ी कर रही राज्य सरकार : सुधीर श्रीवास्तव

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ की एक आपात बैठक शनिवार को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने की। बैठक में झारखंड राज्य सरकार द्वारा वकीलों को ठगने के लिए लॉलीपॉप दिखाया गया है, उसपर विस्तार से चर्चा की गई। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के वकीलों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि वकीलों के लिए कुल राशि राज्य सरकार द्वारा 9 करोड़ का स्वीकृति दे दी गई, जिसमें 6,000 रुपया प्रति अधिवक्ता बतौर अनुदान झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को सरकार देगी। अब सवाल यह उठता है कि झारखंड में 33,000 से अधिक वकील हैं और उक्त 9 करोड़ को 6000 प्रति अधिवक्ता के हिसाब से 15000 वकीलों मे ही समाप्त हो जाएगा। इसका अर्थ यह हुआ कि आधा वकील राज्य सरकार का लाभ ले पाएंगे और आधा वकील इंतजार करेंगे। इस घोषणा के अलावा राज्य सरकार ने 65 वर्ष के बाद अपना लाइसेंस सरेंडर करने वालों को 14,000 प्रति माह पेंशन देने का घोषणा की है, 14,000 प्रति माह लेने के लिए कितने वकील, 65 वर्ष के बाद अपना लाइसेंस सरेंडर करेंगे यह अपने आप मे ही हास्यास्पद है। सरकार द्वारा यह घोषणा राज्य के वकीलों का वोट लेने के लिए उठाया गया एक कदम है, राज्य के वकील समझ चुके हैं कि सरकार वकीलों को दो फाड़ में बांटकर फुट डालो और शासन करो की नीयत से उक्त घोषणा की है।

### ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते पांच गिरफ्तार

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर नगर थाना पुलिस ने सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु यादव उर्फ लालू शामिल हैं। इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित अखिल मेमोरियल स्कूल सेंट्रल बैंक गली में अवैध रूप से नशीले पदार्थो का खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में तीन लोगों को पकड़ा गया। इन आरोपितों के निशानदेही पर दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों शैलेश और हर्ष के खिलाफ पूर्व से मामले दर्ज है।

### टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने शिक्षा मंत्री के आवास तक निकाला न्याय मार्च

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले शनिवार को राज्य के सभी जिलों से टेट पास सहायक अध्यापकों ने धुर्वा स्थित शिक्षामंत्री आवास तक न्याय मार्च निकाला। इससे पहले राज्य के टेट पास पारा शिक्षक पुराने विधानसभा के समक्ष एकत्रित हुए और अपनी दो मांग को लेकर शिक्षामंत्री आवास की ओर कूच किए। लेकिन, बड़ी संख्या में तैनात पुलिस प्रशासन ने मंत्री आवास से पहले ही उन्हें रोक दिया। कुछ देर के लिए अफरातफरी मची। इसी बीच, प्रशासन के जरिये मंत्री से वार्ता के लिए बात कही गई। संघ के प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रदेश कमेटी से 11 व्यक्ति वार्ता के लिए प्रशासन को सूची दिया गया। लेकिन, प्रदेश के 5 सदस्यों से मंत्री आवास में मंत्री से वार्ता हुई। मंत्री ने हमारी मांग पत्र को देखा और चर्चा की। इस दौरान संघ की ओर से कुछ साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। मंत्री ने एक सप्ताह के समय लेते हुए पुनः बुलाकर बात करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वातार्कार कमेटी एवं प्रदेश कमेटी ने आंदोलन को स्थगित किया।

### सुरक्षा में नागरिकों का सहयोग नहीं

**रातू।** डीजीपी अनुराग गुप्ता और वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार रातू पुलिस सभी किराएदारों का सत्यापन करा रही है, पर मकान मालिक सहयोग नहीं कर रहे। पुलिस अब जागरूकता के बाद उन्हें घर-घर जाकर सत्यापित करेगी। सहयोग नहीं करने वालों पर कार्रवाई भी करेगी।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने किया भोजन का वितरण

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के द्वारा प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में भोजन का वितरण किया जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज भी लगातार आठवें शनिवार को क्लब के पदाधिकारियों द्वारा अस्पताल परिसर में मरीजों, उनके परिजनों के साथ ही आसपास के असहाय लोगों के बीच भोजन का वितरण किया।

### वरिष्ठ कांग्रेसी मुन्ना सिंह ने किया नगर निगम के सफाईकर्मियों से मुलाकात

# सफाईकर्मियों की हड़ताल पर चर्चा समस्या समाधान का आश्वासन



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम के सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर पिछले 14 दिनों से हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मियों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने नगर निगम कार्यालय में सफाई कर्मियों से मुलाकात की। मुन्ना सिंह ने कर्मियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा, "आप सभी की मांगें जायज़ हैं। मैं इन समस्याओं को लेकर जल्द ही नगर निगम के प्रतिनिधियों, नगर विकास मंत्री तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखने, तथा इस मामले का शीघ्र समाधान करवाने का पूर्ण प्रयास करूंगा। मुन्ना सिंह ने अपने उपस्थिति में सफाई कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी आवाज सरकार तक पहुंचेगी और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के सफाई कर्मियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में उनका योगदान अति आवश्यक है और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं ने भी मुद्दे पर चर्चा की और मुन्ना सिंह का समर्थन किया। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में लोकल बॉडीज के अध्यक्ष जम्मू राम, दीपक गोस्वामी, गौतम राम, सुधीर राम, अहमद राजा, बजरंग राम, जितेंद्र बाल्मीकि, आजाद अहमद, गुलाम रब्बानी, अजय राम, बबलू सिंह, दिनेश यादव, और सुजीत सिंह शामिल रहे। सफाई कर्मियों ने मुन्ना सिंह के इस आश्वासन पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे उनके प्रयासों के माध्यम से जल्द ही समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।



## अवैध कोयला परिवहन रोकने को टोल पर चलाया जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार 6 सितंबर को कोयले के अवैध परिवहनके सन्दर्भ में प्राप्तगुप्त सूचना के आलोक में कोयला लदे वाहनों की सघन जांच के लिए खनन विभाग को आदेश दिया गया। उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग के द्वारा पूरी रात राँची-पटना मार्ग पर स्थित नगवां टोल प्लाजा सहित अन्य जगहों पर पुलिस लाइन के पुलिस बल के साथ सघन जाँच किया गया। जांच क्रम में 30 कोयले से लदे वाहनों की जाँच की गई जिसका ई-परिवहन चालान सही पाया गया। जाँचदल को देखते हुए NH पर कोयले लदे गाड़ियां संख्या आम दिनों की तुलना मे काफी कम देखी गई। उपायुक्त के आदेश के आलोक में जाँच अभियानजारी रहेगा एवं पूरी सक्रियता से बग़ैर इ-परिवहन चालान के पकड़े जाने पर क़ानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में राज भाषा सप्ताह की हुई शुरूआत



नवीन मेल संवाददाता

> हिंदी न केवल हमारी पहचान है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और साहित्य की धरोहर भी : डॉ मुनीष गोविंद

**हजारीबाग।** हिंदी दिवस को लेकर सात दिनों तक चलने वाले राजभाषा सप्ताह का विधिवत शुभारंभ शनिवार को किया गया। दरअसल इस सप्ताह का आयोजन राष्ट्रीय भाषा हिंदी को प्रोत्साहन देने और इसके महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस राजभाषा सप्ताह का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में हिंदी भाषा के प्रति अपने गहरे लगाव और सम्मान को व्यक्त किया। साथ ही समाज में हिंदी के बढ़ते प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल हमारे देश की पहचान है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और साहित्य की धरोहर भी है। बताते चलें कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें निबंध लेखन, कविता पाठ, हिंदी भाषा में वाद-विवाद, काव्य गोष्ठी, और हिंदी साहित्य पर आधारित नाटक प्रमुख हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, अधिकारियों और आम जनता को हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

## विधिवत पूजन के साथ प्रशासनिक भवन में किए गए स्थापित

**हजारीबाग।** गणेश चतुर्थी के मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस के प्रांगण में कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश जी को विधिवत पूजा के साथ स्थापित किया गया।

बता दें कि सर्वप्रथम भगवान गणेश जी के प्रतिमा को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार तक लाया गया। इस बीच "गणपति बप्पा मोरया" के नारों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। इसके बाद प्रशासनिक भवन में गणपति बप्पा को विराजमान किया गया। नवग्रहण पूजा कराया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य ने इसमें हिस्सा लिया। नवग्रहण पूजन के दौरान उच्चारित वैदिक मंत्रों के अर्थ भी मौजूद लोगों को बताए गए।

## हजारीबाग, चतरा व कोडरमा जिले में 4.79 करोड़ का गबन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** उत्पाद विभाग एक बार फिर काफी चर्चा में है। झारखंड राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) ने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले में उत्पाद विभाग में करोड़ों की हेराफेरी को लेकर चिट्ठी जारी की है। इसमें महाप्रबंधक ने विजन कंपनी को अविलंब पंजाब नेशनल बैंक के खाता में राशि जमा करने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि झारखंड में विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड को शराब की बिक्री का टेंडर दिया गया है। हजारीबाग जिला जोन 10 में आता है, जिसमें हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिला शामिल हैं। कंपनी ने इन तीन जिलों में जितनी शराब की बिक्री हुई है उससे कम पैसे बैंक में जमा किये। इन जिलों में बिक्री के विरुद्ध चार करोड़ 79 हजार 257 रुपये कम जमा किए गए हैं। वहीं हजारीबाग जिले में करीब 2.75 करोड़ रुपये जमा नहीं किये हैं। हजारीबाग के सहायक उत्पाद आयुक्त ने भी उक्त राशि की वसूली के लिए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया है।

> **करोड़ों की हेराफेरी के खेल के पीछे सेल्समैन**
>
> सूत्र बताते हैं कि करोड़ों की हेराफेरी के इस खेल के पीछे सेल्समैन हैं, जो कुल बिक्री का पैसा जमा नहीं करते हैं। जो पैसा ऑनलाइन जमा होता है, वह तो सीधे बैंक में चला जाता है। लेकिन नकदी में राशि की हेराफेरी की जाती है। ऐसे कई सेल्समैन फरार भी बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि उत्पाद विभाग, कंपनी से बैंक गारंटी के रूप में राशि जमा कराता है। जब यह राशि बैंक गारंटी से लगभग बराबर हो जाती है, तो उसे रिकवर कर लिया जाता है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिवकुमार साहू ने कहा कि हजारीबाग उत्पाद विभाग को भी चिट्ठी प्राप्त हुई है। जो भी राशि जमा नहीं की गई है।

## प्रखंड मुख्यालय में आज लगेगा नि:शुल्क विधिक सेवा शिविर

**बरही।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में आज विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस सिविल में समाज कल्याण, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजस्व, विद्युत, पीएम आवास, बैंक इत्यादि विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए जायेंगे। जिसके तहत आम लोगो को कानूनी जानकारी, योजनाओ जानकारी, उसके लाभ और लाभ लेने के तरीको की जानकारी दी जाएगी। शिविर में उपस्थित लोगो को कानूनी जानकारियां भी दी जायेगी। साथ ही प्रखंड और बैंक की ओर से लाखो रुपए की परिसंपत्तियां भी वितरित किए जायेंगे। शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमे सिविल कोर्ट के जज सहित झालसा के अधिवक्ता व पीएलवी मौजूद रहेंगे। बीडीओ सी आर इंदीवार ने पत्र जारी कर सभी विभाग को निर्धारित समयानुसार स्टॉल में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

## बागों के शहर को हजार समस्याओं का शहर नहीं बनने दूंगी : अनुप्रिया



> जल आपूर्ति योजना में हो रही भारी अनियमिताओं की ओर अनुप्रिया ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने लार्सन एंड टर्बो कंपनी द्वारा कोनार डैम के माध्यम से हजारीबाग में जल आपूर्ति योजना में व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार की ओर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार को पांच सूत्री ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट कराया। अनुप्रिया ने बताया कि कंपनी द्वारा विगत 4-5 वर्षों से कोनार डैम द्वारा हजारीबाग नगरनिगम एवं संलग्न ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति हेतु भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। परंतु इस योजना के लाभ से अभी तक शहर वासियों एवं ग्रामीणवासियों को नहीं जोड़ा जा सका जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है और साथ ही उनके द्वारा भूमिगत पाइप बिछाने हेतु जो गड्ढे किए गए हैं अगर कंपनी का कार्य करने की गति इसी प्रकार रही तो अगले 10 वर्षों में भी यह योजना अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाएगी उक्त समस्याओं से निदान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को पांच सूत्र ज्ञापन सौंपा गया है जो कि निम्न प्रकार है।

1। इस योजना में वॉटर टावर और ट्रीटमेंट प्लान बनाने की बात है जिस पर उक्त कंपनी द्वारा अत्यधिक विलंब किया जा रहा है।

2। इस कार्य में गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है जो बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है।

3। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को कहीं किनारे और कहीं बीच से खोदकर महीना तक यूं ही छोड़ दिया गया है जिससे आवा गमन में भारी समस्या उत्पन्न होती है।

## डीपीएस के छात्र का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 38वीं राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश का 27-29 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। प्रतियोगिता 8 - 10 सितम्बर तक आगरा में आयोजित किया जाएगा। विदित हो कि पूरे झारखंड राज्य में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार का चयन हुआ है। स्कुल निदेशक् डॉ आई पी भारती ने कहा राजेश कुमार और कोच गुलाम हसन पर हमे गर्व है।

## करमा महोत्सव के लिए अब तक 70 टीमों ने दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

> प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करने वाले इच्छुक लोग 9 सितंबर सुबह 10 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में 9 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले कर्मा महोत्सव कार्यक्रम में अब तक हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 70 टीमों ने आवेदन किया है। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यम से भी कई प्रतिभागियों के पंजीयन प्राप्त हो रहे हैं। जो प्रतिभागी अभी तक पंजीयन नहीं करवा पाए हैं, उनके लिए आयोजकों ने एक और मौका दिया है। सभी इच्छुक प्रतिभागी 9 सितंबर 2024 की सुबह 10 बजे तक अपना पंजीयन कर सकते हैं और इस महोत्सव में भाग लेने का अवसर पा सकते हैं। महोत्सव में समूह नृत्य प्रतियोगिता, बेस्ट रील प्रतियोगिता और वाद्य संगीत प्रतियोगिता जैसी दिलचस्प प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विजेताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में पार्टिसिपेट करने के लिए 8595235147,6205344210 नंबरों पर संपर्क कर पंजीकरण करने की सुविधा दी गई है। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को करमा महोत्सव कार्यक्रम में आने का निवेदन किया है।

### सांसद ने किया पंडाल का उदघाटन, कहा

## भगवान गणेश की पूजा से दूर होते हैं सभी संकट : चंद्र प्रकाश



नवीन मेल संवाददाता

> भगवान गणेश की पूजा से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है

**रामगढ़ ।** महाकाल युवा समिति द्वारा जिला के छत्तरमांडू में आयोजित तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का 7 सितम्बर को पूजा पंडाल के उदघाटन के साथ शुभारम्भ हुआ। पूजा पंडाल का उदघाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं। श्री चौधरी ने कहा की उनकी पूजा से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है। इसलिए श्रद्धांलुओं द्वारा किसी भी अनुष्ठान में सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो के आगमन पर युवा महाकाल समिति द्वारा उत्साह के साथ उनका स्वागत किया गया। वहीं युवा महाकाल युवा समिति द्वारा बताया गया की गणेश महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा। बताया की महोत्सव का समापन 9 सितम्बर को होगा। ललन सिंह, नरेश महतो,अंगेश सिंह, पुरूषोत्तम सिंह, सुदामा सिंह, पवन सिंह, अरविन्द सिंह, सुनील गिरी, रोहित कुमार, गुलाब सिंह, अमरदीप सिंह, शिवम गुप्ता, मनीष सिंह, दिपेन्द्र सिंह, आजाद सिंह, अमित कुमार, पंकज सिंह, सुधीर गिरी आदि उपस्थित थे।

## बरही थाना में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बरही।** आम लोगों के विवाद का त्वरित व प्रभावी निपटारा करने के उद्देश्य से बरही थाना में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित की गई थी। जिसमे एसडीपीओ सहित बरही, चौपारण और पद्मा ओपी के थाना प्रभारी, कई सब इंस्पेक्टर आदि मौजूद थे। शिविर में फरियादियों की संख्या बहुत कम थी। एसडीपीओ श्री कुमार ने बताया कि महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार एसपी हजारीबाग के आदेश पर शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जमीन, घरेलू विवाद, सामाजिक मामले आदि जैसे समस्याओं का त्वरित व प्रभावी तरीको से निष्पादित करना है। जिससे पुलिस और पब्लिक के बीच संबध मधुर हो और विश्वास का माहौल बन सके। इन दोनो के बीच सौहार्द कायम करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। यह झारखंड पुलिस की एक अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। शिविर में पद्मा प्रखंड से प्रभारी सीआई सोनू कुमार राणा मौजूद थे। बरही व चौपारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय से कोई भी अधिकारी या कर्मी मौजूद नही थे।

### भाजपा नेता ने गणेश पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

## गणेश उत्सव से हमें समाज में एकता की प्रेरणा मिलती है : हर्ष अजमेरा



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने गणेश चतुर्थी की पावन अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी के कंचनपुर पंचायत में आयोजित गणेश पूजा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। इस बीच आयोजन मंडली एवं स्थानीय माता बहनों के द्वारा आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसके उपरांत श्री अजमेरा पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किए इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहें, गणेशोत्सव के इस शुभ अवसर पर हर्ष अजमेरा ने भगवान गणेश की आराधना करते हुए सभी के सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।उद्घाटन के बाद हर्ष अजमेरा ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न जन समस्याओं को ध्यान से सुना। इनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया, जिससे लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रमुख समस्याओं में जल आपूर्ति, सड़क की दुर्दशा जैसे अनेकों समस्याएं शामिल थीं। लोगों को केंद्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया लोगों की समस्याओं के लिए विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का निर्देश देते हुए अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। हर्ष अजमेरा ने कहा गणेश उत्सव सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह हमें एकजुट रहने और समाज की प्रगति के लिए साथ मिलकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। साथ ही कहा की यह मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनु और उनका समाधान करूं। विकास तभी सार्थक है जब अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच हो। गणेश उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से हमें समाज की एकता और सामूहिक प्रयासों की प्रेरणा मिलती है, जिससे हम अपने क्षेत्र की उन्नति के लिए और बेहतर कार्य कर सकें। साथ ही श्री अजमेरा ने कहा की सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को नहीं होगी कोई तकलीफ, हमारी टीम तथा मैं स्वयं हर कदम पर आपके साथ खड़ा हूं।

# न्यूज बॉक्स

## गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा का हुआ आगमन

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के देवी मंडप परिसर में शनिवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय गणपति महोत्सव को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणपति की प्रतिमा का आगमन धूमधाम से हुआ। विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ से श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के लोग झूमते नाचते एवं जयकारा लगाते हुए प्रतिमा के साथ देवी मंडप परिसर पहुंचे। इस बीच एंबिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रास्ते में कई जगहों पर डांडिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति की। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष शंकर कुमार ने बताया कि सात सितंबर को पांच दिवसीय पूजा की शुरूआत होगी। प्रत्येक शाम में बाल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा माता रानी का जागरण कार्यक्रम भी रखा गया है। इसे लेकर भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसमें हजारों लोग एक साथ बैठकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा सकते हैं। मंदिर परिसर में रात में मनोहारी लाइटिंग एवं साउंड की व्यवस्था की गई है। गणपति महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में भव्य मेला का भी आयोजन किया गया है। जिसमें कई तरह के झूला, चरखा, मोनो रेल, ब्रेक डांस समेत कई तरह की दुकानें सजाई गई है। आगामी 11 सितंबर को पूजन, हवन पूर्णाहूति के उपरांत प्रतिमा विसर्जन के साथ गणपति महोत्सव का समापन हो जाएगा।

## क्ले प्रतियोगिता में सीएमपीएस के विद्यार्थियों ने दिखाई हुनर



**बरही।** रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में गिले मिट्टी पर आधारित क्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित किए गए थे। जूनियर वर्ग में नर्सरी से सिक्स के विद्यार्थियों ने इंद्रधनुष, शिवलिंग, कछुआ, मछली आदि और सीनियर वर्ग में पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, देवी देवताओं का संरचना बनाया। प्रत्येक संरचना में एक से बढ़कर एक कलाकारी देखने को मिले। बच्चो के इस कलाकारी ने समाज को कला के साथ रोजगार सृजन का भी रास्ता दिखाया। प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि कला जीवन के हर एक क्षेत्र के लिए आवश्यक है। जिसके साथ जितनी निपुणता होगी लोग उतने प्रखर और प्रसिद्ध होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों की तारीफ करते हुए उनके कलाकारी की प्रशंसा किया। साथ ही इसमें और निखार लाने की बात कही। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से सातवीं की गुलसामा व सोनम प्रवीण ग्रुप प्रथम, सातवीं की ही पीयूष व अलका ग्रुप द्वितीय और निशा व सेलिना ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सारुकूदर के टोला फुटकाटांड़ में हुआ ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़।** विष्णुगढ़। मांडू विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के शारूकुदर पंचायत के टोला फुटकाटांड़ में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से 63KV का विद्युत ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया।ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो ,पूर्वी महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमंत कुमार,पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव राजवार एव स्थानीय ग्रामीणों की गरिमामय उपस्थित में विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया । आपको बता दे कि फुटकाटांड़ का ट्रांसफार्मर पिछले दो तीन साल में कई बार खराब हो चुका था जिसको स्थानीय ग्रामीणों ने अपने चंदा से बनाया था । परेशान ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के संसदीय कार्यालय हजारीबाग में संतोष कुमार के माध्यम से अपनी पीड़ा को रखा । सांसद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर ग्रामीणों को 63kb का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल था, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार हमलोगों को ऐसा सांसद मिला है।

## गणेश पूजा महोत्सव को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में पूजा समिति एवं शांति समिति की बैठक



**रामगढ़।** गणेश पूजा महोत्सव को लेकर शनिवार को रजरप्पा थाना परिसर में पूजा समिति एवं शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी से शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गयी।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय ने किया। बैठक में पूजा को लेकर पूजा समिति के लोगों से जानकारी ली गई। चतुर्थी से लेकर विसर्जन तक के पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली। तय रूट को लेकर पूछताछ की। थाना प्रभारी नव कहा कि अगर किसी भी तरह का उपद्रव होता है, वैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसलिए शांति के साथ त्योहार मनायें। मौके पर एसआई रंजीत कुमार महतो, मुंशी प्रेमचंद यादव, समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा, रविंद्र चौधरी, दीपक साव, डब्लू साव, कुणाल तिवारी, प्रकाशदीप पटवा, केतर महतो, सौरभ वर्मा, उत्तम कुमार पटवा, मोहित कुमार, अशेश्वर महतो, दिनेश महतो आदि उपस्थित थे।

## झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार को फर से पदभार मिलने से लोगों में हर्ष

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार को पुनः प्रभार मिलने से लोगों में हर्ष है। विदित हो कि ज्ञापांक संख्या 433 द्वारा हजारीबाग थाना कांड संख्या 06/23 के आलोक में झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद मुखिया सुमन कुमार को वित्तीय प्रभार से हटा दिया गया। तत्पश्चात सरकार के अवर सचिव फुलेंद्र कुमार शर्मा ने पुनः वित्तीय प्रभार सुमन कुमार को दे दिया है। इस दौरान बातचीत के क्रम में सुमन कुमार ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मुझे निर्दोष साबित किया गया। वहीं वित्तीय प्रभार मिलने से बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, समेत झुरझुरी के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पूर्व विधायक ने गणपति पूजा को लेकर विभिन्न पंडालों का किया भ्रमण

**बरकट्ठा।** पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने गणपति पूजा के शुभ अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस निमित उन्होंने बरकट्ठा अंतर्गत बरवां,गैयपहाड़ी, कल्हाबाद, तुर्कबाद समेत कई पूजा पंडालों में भ्रमण कर गणपति देव के चरणों में मथ्था टेककर देशवासियों के लिए अमन चैन हेतु प्रार्थना की। मौके पर मुखिया कलावती देवी ,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, उपेन्द्र शर्मा, अरुण प्रसाद, विवेक कुमार, रामचंद्र मंडल, संतोष ठाकुर, राहुल यादव, मन्नू राणा, श्रवण कुमार, दीपक कुमार, परशुराम मंडल, पिंटू कुमार, भागीरथ प्रसाद, संजय मंडल, रामकिशुन पंडित, लालधारी पासवान, किशुन राम, विजय राणा, निरंजन कुमार, लक्ष्मण चौधरी, संजय शर्मा, रवि मोदी, प्रकाश साव, रामवतार सिंह, पिंटू मोदी, महावीर साव, त्रिभुवन चौधरी, उमेश मंडल समेत दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### धारदार हथियार से मारकर महिला की हत्या

**बानो।** प्रखण्ड के कनारोवा पंचायत के झरिया डीपा के पास एक महिला को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई।शनिवार सुबह इसकी जानकारी बानो थाना को दी गई।मिली जानकारी के अनुसार मृतक स्कूल टोली कनारोवा की निमि लुगुन है। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी विकास कुमार घटनास्थल पर जा कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। वहीं पुलिस हत्या के कारणों के बारे तहकीकात कर रही है।उधर महाबुवांग थाना क्षेत्र के महाबुवांग स्टेशन से कुरकुरा रेलवे स्टेशन के बीच जामटोली के पास पोल संख्या 506 /10/6 के पास से 5 सितंबर को अज्ञात 40 वर्षीय युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया है। अज्ञात होने के कारण शव शीत गृह में रखा गया है।

### गणेश पूजा महोत्सव के तहत कुंजनगर में रात्रि जागरण कार्यक्रम आज

**सिमडेगा।** श्री गणेश पूजा महोत्सव कुंजनगर में प्रतिमा स्थापित करते हुए गणेश महोत्सव की जा रही है।समिति के अध्यक्ष राम जी यादव ने बताया कि तीन दिवसीय गणेश महोत्सव में 8 सितंबर की रात्रि में पूजा पंडाल में चंद्रिमा झांकी जागरण ग्रुप कोलकाता के कलाकारों के द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।जिसको लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

### सिविल सर्जन ने किया कुरडेग सीएचसी केंद्र का औचक निरीक्षण

**कुरडेग।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सीएचसी सेन्टर का निरीक्षण सिविल सर्जन डाक्टर रामदेव पासवान ने किया।उन्होंने सीएचसी के डॉक्टर, जीएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपने दायित्व कार्य ईमानदारी पूर्वक करने का दिशा निर्देश दिया।चिकित्सा प्रभारी डाक्टर दिलीप कुमार से सीएचसी की उपस्थिति पंजी का निरिक्षण करते हुए सभी कमीयों से एक एक कर दायित्व की जानकारी ली।सिविल सर्जन ने सीएचसी के मेडिसिन स्टोर,लैब, कोल्ड चेन,एक्स-रे,एमटीसी केन्द्र,डिलेविभिरी वार्ड,जेनरल वार्ड,शौचालय, आऊट डोर एवं हॉस्पिटल की साफ सफाई आदि की निरिक्षण किया। उन्होंने अस्पताल कर्मी के आवास का निरिक्षण करते हुए प्रभारी को निर्देश दिया कि आवास के ऊपर लगे झाड़ पौधा आदि की साफ सफाई कर रंग रोगन करें। साथ ही सीएचसी परिसर में फुलवारी लगाने का सलाह दिया।

---

कोलेबिरा स्थित नगर भवन में कांग्रेस युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# भाजपा और झापा ने हमेशा युवाओं को ठगने का किया है काम : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
कोलेबिरा स्थित नगर भवन में कोलेबिरा क्षेत्र के लिए कांग्रेस युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।मौके पर उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस और एनएसयूआई हमारे कांग्रेस पार्टी का एक महत्वपूर्ण विंग है। आज युवाओं को सही दिशा देने के लिए उनका मार्गदर्शन करने के लिए युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। झारखंड सरकार के द्वारा युवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं,युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की नीयत से योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।पूर्ववर्ती भाजपा और झापा की सरकार ने युवाओं को हमेशा ठगने का काम किया है,उन्हें तोड़ने का काम किया और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। झारखंड सरकार की पहल पर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई बहाली प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत 21 साल से 49 साल की महिलाओं को सम्मान राशि दिया जा रहा है। 1000 रुपया सम्मान राशि दिया जा रहा है। बहुत जल्द हमारी सरकार 18 वर्ष की युतियों को भी सम्मान राशि देने का काम करेगी। ताकि उस परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।वहीं मौके पर कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर सह कोलेबिरा युवा विधानसभा प्रभारी शैलीन जया एक्का एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने भी उपस्थित युवाओं को संबोधित किया।

---

# 14 सितंबर को जलडेगा में आयोजित होगी प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा की बैठक




*पेसा अधिनियम 1996 को ग्रामीण स्तर पर शक्ति से लागू किया जाए और लोग अपने अधिकार को समझ सकें*

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखण्ड के जलडेगा पंचायत भवन में पंचायत भवन में खरवागढ़ा ग्राम सभा सचिव जोसेफ लुगुन की अध्यक्षता में निर्णायक मंडली की बैठक हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पेसा अधिनियम 1996 को ग्रामीण स्तर पर शक्ति से लागू किया जाए और लोग अपने अधिकार को समझ सकें । इसके लिए आगामी 14 सितंबर को जलडेगा पंचायत भवन में पूर्वाहन 10:30 बजे से प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा की बैठक होगी इस बैठक में सभी पंचायत के ग्राम सभा पदधारी और ग्रामीण उपस्थित रहेंगे । बैठक में खरवागढ़ा ग्राम सभा के सचिव जोसेफ लुगुन , शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सह कांग्रेस एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अनुराग लुगुन , कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो , ग्राम सभा के प्रखंड सचिव नेल्सन कांडुलना, आमुस लुगुन, रेयाड़न लुगुन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड पार्टी केंद्रीय महिला अध्यक्ष ने पंचायत का किया दौरा, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



सिमडेगा। झारखंड पार्टी केंद्रीय महिला अध्यक्ष सह सिमडेगा विधानसभा उम्मीदवार आइरिन एक्का ने अरानी पंचायत के फूलवाटाँगर गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास सिर्फ और सिर्फ झारखंड पार्टी ही कर सकती है।साथ ही लोगों से अपील किया कि जाति और धर्म से उठकर विकास के नाम पर वोट दें।लोगों से अपील किया कि झारखंड पार्टी के पक्ष में भारी मतों से मतदान कर के विजय बनाने का आग्रह।मौके पर पूर्व मुखिया बिरसा टोप्पो, दिव्या डुंगडुग रंजन डुंगडुंग, सुधीर कुल्लू मुकेश पाइक अब्राहम सोरेंग सीताराम सिंह नारायण पाईक नीलिमा किंडो, पूनम हेंब्रम प्रतिमा हेंब्रम तनीषा टोपनो अलीशा डुंगडुग सहित सैकड़ो ग्रामीणो ने झारखंड पार्टी से प्रभावित होकर झारखंड पार्टी का दामन थामा। सभी ने झारखंड पार्टी के पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिया। मौके पर उपस्थित झारखंड पार्टी के वरिष्ठ सलाहकार अभय विश्वकर्मा,अनिमा,कृष्ण प्रसाद,लुसेना हेमरोम, तेरसा हेमरोम अनुपम मिंज आदि उपस्थित थे।

### भाजपा का मैं हूं पन्ना प्रमुख अभियान प्रारंभ



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में 8 एवं 9 सितंबर को बूथों पर बैठक की जाएगी और पन्ना प्रमुख बूथ सूची सत्यापन वाट्सएप ग्रुप बनाने सहित कई कार्य किये जायेंगे।इसी निमित्त शनिवार को जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अगवाई में जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता विभिन्न मंडलों का दौरा कर मैं हूँ पन्ना प्रमुख अभियान चलाया।साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रपत्र भरने की शुरूआत की गई।मौके पर जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि 8 एवं 9 सितंबर को पूरे प्रदेश में भाजपा संगठन द्वारा बूथों में बैठक की जाएगी और बूथों का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए सुझावों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए बॉक्स हर मंडल में दिए गए हैं और पत्रक भी दिए गए हैं।भारतीय जनता पार्टी संगठन के कार्यकर्ता चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। इस बार जिले में दोनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विजयी होगी।मौके पर तोरपा विधानसभा प्रभारी दुर्गविजय सिंह देव, अनुप प्रसाद, नवीन सिंह, पाकरटांड़ मंडल अध्यक्ष निकुंज बिहारी सिंह, बीरू मंडल अध्यक्ष मुकेश पंडा मौजूद थे।

### 10 सितंबर को होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर नगर भवन का एसपी ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** सिमडेगा में आगामी 10 सितंबर को नगर भवन में पुलिस की ओर से होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा एसपी सौरभ ने शनिवार को नगर भवन पहुंचकर कार्यक्रम से संबंधित निरीक्षण करते हुए सभी बिंदुओं की जानकारी ली। बताया कि पुलिस आपके द्वारा की संकल्पना के अंतर्गत झारखंड पुलिस नियमित रूप से भ्रमण कर आम जनता की समस्या को जानेगी तथा समस्या का निदान करेगी। इसी कड़ी में सिमडेगा पुलिस द्वारा यहां पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को अपनी शिकायत समस्या अवगत कराने का मौका मिलेगा और त्वरित निपटारा करने का कार्य किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है ताकि जो लोग थाना आने से घबराते हैं,वैसे लोग यहां पर पहुंचकर अपनी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर रखकर दूर कर सकेंगे। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक लोगों को उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

---

पीडीएस डीलर की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

# मांगों पर विचार नहीं हुआ तो 10 सितंबर के बाद दुकानों में ताला बंदी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला पीडीएस संघ की बैठक जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया।जिला सचिव मुकेश पंडा द्वारा बैठक की शुरूआत की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा द्वारा 30 जुलाई को विभागीय सचिव एवं संयुक्त सचिव के साथ संगठन की हुई वार्ता में जन वितरण विक्रेताओं की विभिन्न मांगों पर लगातार मिल रहे आश्वाशन पर अमल नहीं किए जाने को बताया गया।इसमें कमीशन के बकाए का भुगतान, अनुकंपा का पूर्व की भांति लागू करने, अप्रैल 2024 से बढ़े हुए दर से कमीशन का भुगतान किए जाने, दुकान को पेपरलेस किए जाने, 2 जी को 4जी की व्यवस्था चालू करने जैसी विषयों पर कई बार विभागीय मंत्री से वार्ता हो चुकी है।मगर विभाग सिर्फ आश्वासन देते आ रहा है।

---

पांच दिवस श्रीगणेश महोत्सव प्रारंभ

# गणपति बप्पा मोरया के जय घोष से गूंजा सिमडेगा

*समिति के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि उत्सव के दौरान भक्तों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
गणेश चतुर्थी के अवसर पर जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों में गणपति की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों क्षेत्रों में भी पंडाल का निर्माण कर गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई है। युवा व बच्चे गणेश पूजा को लेकर उत्साहित हैं। भजन व गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पूजा समितियों के माध्यम से भव्य पंडाल का निर्माण कर भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां पर गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया की जय घोष के साथ पूरा सिमडेगा गूंज उठा। पंडाल के चारों ओर रंग-बिरंगे विद्युत बल्बों से सजावट की गई है। श्रीराम जानकी मंदिर में नव युवक संघ की ओर से पांच दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि उत्सव के दौरान भक्तों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि भक्तों को गणपति के दर्शन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर भवन परिसर में हिन्दू यूथ क्लब की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कर गणपति की पूर्ति स्थापित की गई है। इसके अलावा शहर में नीचे बाजार पूजा पंडाल, बाल गोपाल संघ पूजा समिति, बप्पा ग्रुप पूजा समिति की ओर से गणपति की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। सिमडेगा शहरी क्षेत्र के प्रिंस चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में भव्य प्रतिमा स्थापित करते हुए विघ्नहर्ता गणेश की पूजन की जा रही है ।

---

ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की भुगतान को लेकर ठेठईटांगर में हुई बैठक

# उपभोक्ताओं को जमा पैसा वापस नहीं करने पर आन्दोलन की दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के तत्वावधान में ठेठईटांगर बाजारटांड़ में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता दल के जिला सचिव शिवचंद मांझी की अध्यक्षता ने की।आयोजित बैठक में सहारा इंडिया, एपीलाईन, विश्वामित्र, वेलफेयर, साईं प्रकाश इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा है कि सहारा इंडिया सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग के लिए जमाकर्ता आंदोलन के लिए तैयारी कर लें। क्योंकि बगैर लड़े खून पसीने का जमा पैसा सरकार भुगतान करने वाली नहीं है। इसलिए 11 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रदर्शन कार्यक्रम में केरसई प्रखंड से भी सैकड़ो की संख्या में एकजुट होकर रांची चलने की तैयारी करने की अपील श्री बेक ने की है। दल के नेता शिवचंद मांझी ने कहा है कि मेहनत के जमा पैसे भुगतान की मांग को लेकर चल रहे अभियान को और तेज करते हुए दल इस मामले को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेगी। वहीं ननबैंकिंग कंपनियों में जमाकताओं ने भी अपनी पीड़ा झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं को बताई । दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर 13 सितंबर 2024 को ब्लॉक मुख्यालय के समक्ष जन प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री को मांग-पत्र भेजने, भ्रष्टाचार, महंगाई, अत्याचार, पलायन, मानव तस्करी, बेरोजगारी, अपराध जैसी समस्याओं से झारखंड को बचाने के सवाल तथा जनमुद्दों को लेकर 18 सितंबर 2024 को सिमडेगा जिला मुख्यालय में विशाल जन महापंचायत कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में भाग लेने तथा संगठन विस्तार व मजबूती के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं।

---

# बिरजो कंडुलना चुने गए झामुमो के बानो प्रखंड अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
बानो डाक बंगला में झामुमो बानो प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिसमें जिला समिति के पदाधिकारी एवं बानो प्रखंड के संजयोक मण्डली के सदस्य एवं बानो प्रखंड के सभी पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।प्रखंड समिति का गठन हेतु झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के लिए तीन लोगो ने दावेदारी पेश की थी। जिसमे बिरजो कंडुलना को 54 वोट,अनिल लुगुन को 23 वोट और आनंद मसीह को 1 वोट मिले। बहुमत के आधार पर बिरजो कंडुलना को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चुना गया।प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप में मोहमद तनवीर हुसैन, स्क्रेन लुगुन, इलियाजार कंडूलना, तुरतन गुड़िया का चुनाव हुआ। सचिव के रूप में सुलेमान बरला, कोषाध्यक्ष सुधीर डांग सह सचिव जयमसीह मड़की को चूना गया।इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, सचिव सफीक खान, कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा उपस्थित रहे। झामूमो जिला समिति पदाधिकारीयो द्वारा माला पहना कर सभी लोगो को संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। सभी नव चयनित उम्मीदवारों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

---

जलडेगा बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 119 वां स्थापना दिवस

# ग्राहकों ने बैंक की तरफ से दी जा रही सेवाओं की सराहना की



नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा देश की सबसे पुरानी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी स्थापना का 119 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया की जलडेगा शाखा में एक समारोह आयोजित किया गया था जिसमे बैंक के ग्राहकों को आमंत्रित कर उनका स्वागत सम्मान किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ में बैंक ऑफ इंडिया के जलडेगा शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल ने बैंक की स्थापना से लेकर बैंक के 119 वर्ष पूर्ण करने पर बैंक प्रगति, उसकी कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति, बैंक का व्यापार और बैंक की तरफ से दी जाने वाली सेवाओं सहित अन्य कार्यों और योजनाओं से ग्राहकों को अवगत कराया। 28 जुलाई 1978 को शुरू हुई थी जलडेगा बैंक ऑफ इंडिया शाखा शाखा प्रबंधक ने कहा कि जलडेगा में ये शाखा 28 जुलाई 1978 में एक छोटे से स्वरूप में शुरू हुई थी। सभी के स्नेह, सहयोग से आज आपकी इस शाखा का व्यापार करोड़ तक जा पहुंचा है। वर्तमान समय में बैंक ऑफ इंडिया में 60 हजार से भी अधिक खाताधारक हैं। हम सब उन सभी ग्राहकों और सभी नागरिकों का जिन्होंने बैंक ऑफ इंडिया में अपने खाते खोले और बैंक को अपना साथी, सहयोगी बनाया। उन सभी का बैंक की प्रगति में सहयोगी बनने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बैंक ग्राहकों के लिए क्या-क्या नई योजनाएं नई स्कीम लेकर आई है उनसे भी शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल ने सभी ग्राहकों को अवगत कराया। मौके पर शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल सहित बैंक के पुनीत प्रफुल्ल टोप्पो, प्रेम सुनीत मुर्मू, रामेराम लोहार, अजीत तोपनो, मिनी स्टेफी लुगुन, मधुबाला देवी, धाधु बड़ाईक, संतोष मांझी, दीपक साहू, अशोक बड़ाईक, संतोष सोनी, यशराज अग्रवाल उपस्थित थे।

---

### बैंकों की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति जून 2024 तिमाही की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति जून 2024 तिमाही की बैठक हुई। अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार ने बैंको द्वारा जून तिमाही वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वार्षिक जमा ऋण अनुपात में बैंको द्वारा 42.35 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई, जो की पिछले वित्तीय वर्ष जून तिमाही की तुलना में 5 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना में जिले का अनुपात बेहतर रहा है। बता दें कि वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में जिले कि जिला ऋण योजना के तहत प्राथमिक क्षेत्र में 1104.67 करोड़ रू सालाना लक्ष्य की तुलना में पहली तिमाही में उपलब्धि रु 369.92 करोड़ रू रही, जो 33.49 प्रतिशत है।

---

बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के सचिव से मिले विधायक

# ट्रांसफॉर्मर मरम्मती केंद्र में सामग्री उपलब्ध कराने का किया आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बिजली की समस्या को लेकर शनिवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी बिजली विभाग के मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं जीएम केके वर्मा से मिले। उनसे मिलकर विधायक ने कोलेबिरा विधानसभा में उत्पन्न बिजली की समस्याओं पर बात की।जिसमे समस्त जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने,सभी 10 केवीए के ट्रांसफार्मर को 25 केवीए में बदलना तथा बिजली बिल से संबंधित समस्या का त्वरित निष्पादन करने को कहा।साथ ही सिमडेगा जिले में बिजली बिल की जो समस्या आ रही है, उसपर भी विधायक ने संज्ञान में लेते हुए झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना 200 यूनिट बिजली बिल माफी योजना तथा पुराना बकाया पुरा बिजली बिल को मांफी योजना का लाभ सभी उपभोक्ता को देने का निर्देश दिया।मौके पर विधायक से बात कर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होते हुए।तत्काल जीएम के.के वर्मा ने कार्यपालक अभियंता से जिले में जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर की लिस्ट मांगी और त्वरित समाधान का भरोसा विधायक को दिलाया। बताया गया कि कोलेबिरा विधायक के द्वारा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में सैंतालीस (47) जले हुए 25,63,100 तथा 200 केवीए ट्रांसफार्मर हैं।उनकी लिस्ट विधायक ने मुख्य सचिव एवं जीएम को दिया।वहीं आठ(8) 10 केवीए के ट्रांसफॉर्मर हैं उसको भी 25 केवीए में बदलने के लिए लिस्ट अधिकारियों को दिया।साथ ही वर्कशॉप में मिस्त्री,सुपरवाइजर तथा ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग के लिए सामग्री की जो समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं,उनके त्वरित निष्पादन करने की बात कही।मुख्य सचिव एवं जी एम ने इन सभी बिजली से संबंधित सभी समस्याओं के त्वरित निष्पादन करने की बात कही।

---

### माहुरी समाज की आमसभा में चुनाव प्रक्रिया पर गहन चर्चा

**कोडरमा ।** श्री माहुरी भवन में आयोजित माहुरी समाज की आमसभा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सभा की शुरूआत मां मथुरासिनी की आरती के साथ हुई। इसके बाद मुख्य चुनाव पदाधिकारी रवि कपसिमे ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और सभा का विधिवत शुभारंभ किया। इसमें मुख्य रूप से समाज के चुनाव संबंधी नियमों पर चर्चा और आगामी चुनावों को पारदर्शी व सुचारू रूप से संपन्न कराने पर चर्चा की गई। सभा के दौरान रवि कपसिमे ने समाज के सदस्यों को पूर्व के चुनाव नियमों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समयानुसार नियमों में सुधार की आवश्यकता होती है, और इस संदर्भ में समाज के सदस्यों से सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा कि समाज के नए नियमों को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिवक्ता जयप्रकाश सेठ, किरण कुमारी, सुरेंद्र आर्य, देवेंद्र सेठ, प्रदीप पवनचौध, सुधा कुमारी, निवर्तमान कोषाध्यक्ष विजय वैष्खियार और अमन कपसिमे को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### डॉ. परमेश्वर भगत खिलाड़ियों को जर्सी व फुटबॉल किया वितरण

**मांडर।** प्रखंड के करगे पंचायत अन्तर्गत मलारटोली एवं चटवल के होनहार खिलाड़ियों को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने उनके खेल के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें उत्साहित और मनोबल बढ़ाने के लिए जर्सी और फुटबॉल का वितरण किया। डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा की भविष्य में मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में खेल के प्रतिभा को बढ़ाने और बेहतर प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। जिसमे खिलाड़ियों को रहने के साथ साथ सारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर चटवल के वार्ड सदस्य शमीम अंसारी, अशीष उरांव, अमानत अंसारी, मोहित कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बीमारी से पीड़ित राजेश कोया से मिलने पहुंचे डा. भगत

**बेड़ो।** प्रखंड के रोगो निवासी राजेश कोया पिछले ढ़ाई साल से बिमारी से पीड़ित हैं इसकी जानकारी जैसे ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत को मिली इन्होंने राजेश कोया से मुलाकात करने उनके घर पहुंचे। उन्होंने राजेश की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और इलाज के लिए आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के दौरान, डॉ. भगत ने उनके परिवार को भी सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर डॉ मंजू मिंज, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान और अशरफ अंसारी उपस्थित थे।

### आरती केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो

**चान्हो।** टांगर पंचायत के पूर्व मुखिया मोहन उरांव के भाई की पत्नी आरती केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में शनिवार को युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। बताते चलें की आरती 31 जुलाई को साहिबगंज में उत्पाद सिपाही बहाली प्रतियोगिता परीक्षा की दौड़ पूरी करने के बाद गंभीर रूप से बीमार पड़ गयी थी और ईलाज के दौरान ही 6 सितंबर को उसने दम तोड़ दिया था। सन्नी ने इस दौरान कहा कि इस बहाली प्रतियोगिता परीक्षा में अब तक 20 से भी अधिक युवा दम तोड़ चुके हैं, पर राज्य सरकार में संवेदना नाम की कोई भी चीज बाकी नहीं रह गई है। सरकार को तो सिपाही बहाली प्रतियोगिता परीक्षा पर तत्काल रोक लगा देनी चाहिए थी और ठंड के मौसम में पुनः इसकी बहाली लेनी चाहिए थी। पर सरकार केवल नियुक्ति पत्र देने के नाम पर राज्य के युवाओं को ठगने का प्रयास कर रही है। जब सरकार में नैतिकता नाम की कोई चीज ही बाकी नहीं रह गई है, तो इनसे मानवता की क्या उम्मीद की जा सकती है।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी की बैठक

*चान्हो। रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के चान्हो प्रखंड में कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के साथ बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। सारे कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाए।संगठन के अल्पसंख्यक कमिटी को मजबूत बनाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही आगामी 19 सितम्बर को शहीद वीर बुद्ध भगत इंटर कॉलेज के मैदान में चान्हो प्रखंड अल्पसंख्यक सम्मेलन का निर्णय लिया गया है ।*

---

बेड़ो थाना परिसर में छह दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ

# पंडाल में भक्तों की उमड़ी भीड़

***गणपति बप्पा का उत्सव के संदर्भ में श्री राधे कृष्णा यूथ संगम ने हजारों लोगों के बीच आस्था और विश्वास की ज्योति जला दी है***



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणपति बप्पा के महोत्सव के दौरान थाना परिसर में पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काट कर पंडाल का उद्घाटन किया।इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, अनिल उरांव, जगन्नाथ भगत, रामनारायण भगत, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता सहित कई विशिष्ट अतिथि मौके पर मौजूद रहे। अतिथियों ने पंडाल के अंदर भगवान गणपति बप्पा के दर्शन किया और आशिर्वाद मांगा। सन्नी टोप्पो ने कहा कि गणपति बप्पा का उत्सव के संदर्भ में श्री राधे कृष्णा यूथ संगम ने हजारों लोगों के बीच आस्था और विश्वास की ज्योति जला दी है। पंडाल के उद्घाटन के साथ श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडाल में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के कार्यकर्ताओं ने मुख्य पुजारी अशोक पंडा एवं सोनू पंडा के नेतृत्व में पूजा अर्चना किया। कलश की स्थापना की गई और गणपति बप्पा की महाआरती का आयोजन किया गया। गणपति बप्पा को मोदक एवं लड्डू का भोग लगाया गया। उल्लेखनीय है कि श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के द्वारा बेड़ो थाना परिसर में भव्य व आकर्षक 90 फीट लंबी 45 फीट चौड़ी भव्य पंडाल का निर्माण कराया है। बेड़ो के भव्य पंडाल एवं आसपास मुख्य सड़कों पर स्वचालित विधुत तोरणद्वार व आकर्षक विधुत सज्जा से पंडाल परिसर सहित सम्पूर्ण सड़कें जगमगा उठी । जैसे जैसे रात ढल रही है विद्युत सज्जा की खूबसूरती बढ़ती जा रही है। रात्रि में पंडाल की भव्यता देखते ही बन रही थी।

---

पीसीसी सड़क व जल मीनार निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

# हमारा लक्ष्य क्षेत्र में विकास करना : आदिल अजीम



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखण्ड अंतर्गत दो विभिन्न स्थानों पीसीसी सड़क और जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास चान्हो पश्चिमी जिला परिषद आदिल अजीम ने फीता काटकर किया। ज्ञात हो कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत योजना-सोंस पंचायत के आदिवासी मोहल्ला में मंजर अकील के घर के सामने जलमीनार निर्माण का शिलान्यास और ग्राम-पंडरी में उस्मान अंसारी के घर से हसीब अंसारी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास आदिल आजिम जिला परिषद सदस्य पं. चान्हों के कर कमलों द्वारा मुखिया जयनाथ भगत और मुखिया बिमला देवी , रिजवान आलम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर आदिल आजिम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य ही क्षेत्र में विकास करना है। जिसमें सड़क की विशेष महत्ता होती है। जहां यह सड़क का शिलान्यास किया गया है। पूर्व में कच्ची रहने से लोगों को गांव से निकलना मुश्किल होता था। मुख्य मार्ग तक जाने में काफी दिक्कतें होती थी। अब इस सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक जाने में आसानी होगी पूर्व में हो रही कठिनाई दूर होगी। मेरा लक्ष्य है कि अपने कार्य काल में एक भी कच्ची सड़क न बचे सबका समय रहते पक्कीकरण कराया जायेगा। आदिल अजीम ने कहा कि आदिवासी मोहल्ला में जलमीनार का निर्माण हो जाने से इस मोहल्ला के लोगों को दूसरे स्थान से पेयजल के लिए जाना नहीं पड़ेगा।

---

## न्यूज बॉक्स

### आरती केरकेट्टा शोकाकुल परिजन से मिले डॉ. परमेश्वर भगत, ढांढस बंधाया



चान्हो। प्रखंड अंतर्गत ग्राम टांगर के अनिल उरांव की धर्मपत्नी आरती केरकेट्टा का शनिवार को अपोलो हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। ज्ञात हो कि आरती केरकेट्टा उत्पाद सिपाही दौड़ के लिए गई थी, दौड़ के दौरान तबियत बिगड़ी और ईलाज के लिए उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। परंतु जिन्दगी की दौड़ में आरती केरकेट्टा मौत से जा मिली। इसकी जानकारी जैसे ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत को मिली तो इन्होंने देर रात आरती केरकेट्टा के परिजन से मिलने उनके गांव पहुंचे और शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। डॉ. परमेश्वर भगत ने मृतक की परिजनों को आश्वासन दिया कि इस घटना की शिकायत संबंधित विभाग के वरीय अधिकारी से करते हुए इनके आश्रितों को उचित मुआवजा मिले इसके लिए अपील की जायेगी।

### श्री गणेश चतुर्थी के अवसर श्री गणेश जी की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई



रांची। श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित व निमित्त हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी के अवसर श्री गणेश जी की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवता को भी गेदा फूल,लाल एवं गुलाब, तुलसी दल,एवम मुरगन फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया। श्री गणेश जी महाराज 2100 लड्डू का भोग अर्पित किया गया।पुरा मंदिर परिसर गणेश जी महाराज, मंगलमूर्ती, की जय जयकारों से गूंज रहा था। लड्डू प्रसाद मंदिर परिसर में निमित्त हुआ। एक श्री श्याम भक्त ने श्री गणेश चतुर्थी के श्रृंगार व 2100 लड्डू के प्रसाद सेवा निवेदित किया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने गर्भगृह को सजाया। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि आज 127 वा श्री श्याम भण्डार का आयोजन किया गया। यजमान श्री परिवार के देव अलंकार ज्वेल्स के रूपेश वर्मन, ज्योति देवी रवि कुमार, मनीष वर्मन ने श्रीश्याम भण्डार निवेदित किया। आज के श्रीश्याम भण्डार में इडली नारियल चटनी, केसरिया जलेबी, उपमा काफी का महाप्रसाद था। यजमान श्री वर्मन परिवार ने मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवता व गुरुजनों को भण्डारे का प्रसाद अर्पित कर अपनी मनोकामना प्रस्तुत की।

### शिव मंदिर में चोरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश, कार्रवाई की मांग




**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ में अवस्थित शिव मंदिर में लगाए गए घंटी,पीतल का नाग देवता, रखे गए पूजा सामग्री घीव, दान पेटी, पीतल लोटा बाल्टी एवं आवश्यक पूजा सामग्रियों को शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। पहाड़ के शिखर पर अवस्थित शिव मंदिर में प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना पूजा पाठ के लिए पुजारी लगाया गया है वह पुजारी प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे पूजा पाठ करके अपने घर चले जाते हैं। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह जाकर देखा तो सभी सामान गायब मिले जिसकी जानकारी पुजारी शिव मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारीयों एवं गांव के गणमान्य लोगों को जानकारी दी। जिसकी सूचना पाकर तुरंत शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पदाधिकारीगण मंदिर का निरीक्षण किया और बताया कि यह चोरी पहली बार नहीं है यह चोरी दूसरी बार हो रही है पहली बार भी अज्ञात चोरों के द्वारा विशाल घंटी को काटकर उड़ा ले गए थे। बार-बार इस तरह की चोरी की घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

---

युवा आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन आज

# हजारों बेरोजगार युवा होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन रविवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बिरसा चौक, रांची से पद यात्रा करते हुए प्रभात तारा मैदान, धुर्वा पहुंचेंगे। पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बेरोजगार युवा शामिल होंगे। संकल्प सभा के पूर्व सुदेश कुमार महतो गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

नवनिर्माण संकल्प सभा में वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, जिला, प्रखंड, पंचायत समिति के पदाधिकारी, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ के पदाधिकारी तथा पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारियों के साथ-साथ राज्य के हजारों शिक्षित बेरोजगार युवा शामिल होंगे। युवा आजसू ने कहा है कि सरकार ने अपनी गलत नीतियों की वजह से युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। आज युवा हाथों में डिग्री लेकर घरों पर बैठे हैं, सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। यह सरकार की युवाओं के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैये को दिखलाता है। पांच साल के अपने कार्यकाल में इन्होंने सबसे अधिक नुकसान युवाओं का किया है। सरकार की वादाखिलाफियों को लेकर युवाओं के अंदर गुस्सा है। अपने शैक्षणिक डिग्री की कॉपी लेकर युवा सभा स्थल पहुचेंगे और सरकार के खिलाफ अपने गुस्से को प्रदर्शित करेंगे। उल्लेखनीय है कि युवा आजसू ने 24 अगस्त से 7 सितंबर तक राज्यभर के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को डाटा एकत्रित करने के लिए बॉयोडाटा संग्रह अभियान चलाया है।

---

# पूर्व मंत्री के पीएस संजीव की जमानत पर अगली सुनवाई 11 को

**रांची।** टेंडर कमीशन के 32.30 करोड़ रुपये नकदी बरामदगी मामले में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अब पीएमएलए कोर्ट में 11 सितंबर को सुनवाई होगी। संजीव लाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर शनिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी, लेकिन ईडी ने समय की मांग की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख सात सितंबर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने छह मई को छापेमारी के दौरान संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकानों से 32.30 करोड़ रुपये जब्त किए थे। इसी दिन ईडी ने देर रात संजीव लाल एवं जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। सात मई को अदालत में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया था। तब से दोनों जेल में हैं।

### खूंटी पहुंची राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**खूंटी।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायुतल्लाह खान की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की. इस बैठक में अल्पसंख्यकों के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की. झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान समेत छह सदस्यीय टीम खूंटी के परिसदन में बैठक के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब हुए. उन्होंने अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की. अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि लगातार राज्य के सभी जिलों का दौरा करने के बाद आज खूंटी जिला का दौरा कर रहे हैं.

---

# मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा लगाया गया दो दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। प्रथम दिन यह शिविर कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के पास एवं प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक एवं दूसरे दिन मेन रोड स्थित चर्च कॉम्प्लेक्स के सामने प्रातः 10 बह से शाम 4 बजे तक लगाया गया। शिविर को रांची के कई जाने माने लोग जैसे माननिय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ जी, रांची जिला एस.डी.ओ उत्कर्ष कुमार, पूर्व राज्य सभा सांसद श्री अजय मारू जी, पूर्व चैंबर अध्यक्ष कुणाल अजमानी, पूर्व उपमहापोऔर संजीव विजयवर्गीय, आदित्य मल्होत्रा रांची जिला सी.एच.एम.ओ डॉ० प्रभात कुमार एवं अन्य उपस्थिति से शोभित किया। कार्यक्रम मे मंच द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र पहना कर एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सदर हॉस्पिटल के मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान माननिय राज्य रक्षा मंत्री श्री संजय सेठ जी ने एवं रांची जिला एस.डि.ओ उत्कर्ष कुमार ने मंच की सरहाना करते ही कहा कि मारवाड़ी युवा मंच एवं उसके सदस्य समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण काम कर रहा है। कैंसर एक बहुत है जान लेवा बीमारी है एवं शुरूवाती समय पर इसका पता लगाना इसके इलाज के लिए सबसे अधिक लाभदायक है। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान शिविर मे 150 से भी अधिक लोगों ने निःशुल्क जांच सेवा का लाभ उठाया।

---

द्वारसिनी गणेश मंदिर में चतुर्थ गणपति बप्पा का मनाया गया महोत्सव

# पूजा अर्चना कर भगवान गणेश की महाआरती का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के विनय बगीचा स्थित द्वारसिनी गणेश मंदिर में चतुर्थ गणपति बप्पा का महोत्सव आयोजित किया गया। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान गणेश की महाआरती का आयोजन किया गया। गणपति बप्पा को मोदक, मोतीचूर की लड्डू चढाय़ी गई तथा विभिन्न प्रकार के फल और फूलों एवं पूजन सामग्री से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आचार्य जितेंद्र पाठक ने भगवान गणेश की विधिवत पूजा करायी। महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, श्रवण कुमार, सोहन महतो, कैलाश कुमार के पिता विष्णु महतो, मोहन महतो, बलदेव महतो, बजरंग महतो, जागेश्वर महतो, छोटू महतो , प्रवीण कुमार सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे। बताया जाता है कि भगवान गणेश की प्रतिमा महादानी मंदिर निर्माण काल की है और यह प्रतिमा इस महादानी मंदिर के निकट स्थापित था। तब कुछ असामाजिक तत्वों ने भगवान गणेश की प्रतिमा को चोरी कर ली और इसी रास्ते से ले जाने लगा। घने जंगल के बीच विनय बगीचा के पास तब एक चमत्कार हुआ और चोर मूर्ति ले जाने में असफल रहे और जंगल में बरगद के पेड़ के पास छोड़ गए। तब से गणपति बप्पा की प्रतिमा आज तक यहीं है। पूर्व विधायक गंगा टाना भगत ने बताया कि बेडो. के तत्कालीन पाहन को सपने में भगवान गणेश की वस्तु स्थिति की जानकारी मिली। तब से पाहन के द्वारा भगवान गणेश की पौ फटने से पहले पूजा की जाने लगी।

---

मोबाइल में अनावश्यक कंटेंट देखने से बच्चों के मेंटल हेल्थ पर पड़ रहा असर

# सशिविमं ने बच्चों को दी कानूनी जानकारी

***बच्चों को खान पान सही नहीं हो पा रहा है। फास्ट फूड के प्रति झुकाव स्वस्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। यह मोबाइल का उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा कर रहे हैं***



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के सरस्वती शिशु मंदिर ने पुरानी राय में डालसा रांची द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा चाइल्ड प्रोटेक्शन के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा ने कक्षा 4 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं को विधिक जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्यों को बताया। इसमें विधिक सहायता में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, मध्यस्थता के माध्यम से आपसी विवाद खत्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन के तहत गुड टच व बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 की मदद, लैंगिक अपराधों के प्रति बनाए गए पाक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, मोटर दुर्घटना अधिनियम पर सहायता व मुआवजा की जानकारी, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, डायन बिसाही जादू टोना के खिलाफ जागरुकता, बाल मजदूरी से बचाव, दिव्यांगजनों के लिए विधिक सहायता का लाभ, ड्राप आउट बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास, मनाव तस्करी के शिकार होने से बचाव, नशापान से दूर रहने की जानकारी, साइबर फ्राड के प्रति सजगता, पर्यावरण संरक्षण तथा एकल माता पिता के बच्चों के लिए स्पान्सरशिप योजना का लाभ के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। मुन्नू शर्मा ने बताया कि आज कल बच्चें घरों में माता पिता की बातों को नजरअंदाज कर गलत संगत में पड़ रहें है। उनका खान पान समुचित आहार सही नहीं हो पा रहा है। फास्ट फूड के प्रति झुकाव स्वस्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। बच्चे मोबाइल का उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा कर रहे हैं। दिन रात मोबाइल में गेम और अनावश्यक कंटेंट देखने के कारण बच्चों के आंखों में परेशानी होने की संभावना बढ़ गई है। साथ ही बच्चों के स्वभाव में बदलाव हो रहा है। जिसके कारण बच्चे बात बात पर नाराज चिड़चिड़ेपन के शिकार हो रहें। इससे उनके मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ रहा है। बताया कि मानसिक अवसाद होने पर भीड़ वाली जगह पर जाना चाहिए। अपने परिचित, दोस्त या परिवार वालों के बीच अपनी समस्याओं को साझा करना चाहिए ताकि मन में उत्पन्न तनाव का बोझ मस्तिक से बाहर आ सके और आत्महत्या जैसी घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके।

---

# छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
प्रखंड के कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, में बी.एड. सत्र 2022-24 के छात्र/छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सिन्हा, सचिव नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। मौके पर बोलते हुए नितिन पराशर ने कहा कि जिन्दगी के हर मोड़ पर आपका सामना कठिनाईयों से होगा अगर आप उन कठिनाईयों से लड़ने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होना चाहते है तो अपने दिमाग को प्रेरित करने वाले विचारों से सिचिएं। वही शैक्षणिक सचिव सह-प्राचार्या दीपाली पराशर ने कहा कि सफलता के लिए विश्वास, विश्वास के लिए दृढ़ संकल्प, दृढ़ संकल्प के लिए शांति और शांति के लिए सृजनशीलता जरूरी है लेकिन सृजनशीलता के लिए मौन रहना जरूरी है। इसलिए जब भी संभव हो मौन रहे। मौन से एकाग्रता आएगी जिससे आपको निश्चित सफलता मिलेगी। कॉलेज के डीन डॉ० उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि वक्त किसी का नही होता पर कहा जाता है-वक्त जाया न करो।

### एनएच की हालत खराब, दुर्घटना की संभावना



**चान्हो।** रांची डाल्टेनगंज मार्ग में चान्हो के सोनचीपी स्कूल के समीप सड़क पर जानलेवा गड्ढा बन गया है। सरिया बाहर निकल आया हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आपको बता दें कि इसी जर्जर रोड में चलने के लिए मांडर में टॉल देना पड़ता है।

---

# दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में मना गया शिक्षक दिवस



**मांडर।** प्रखंड के कदरी मोड़ स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक डॉ राजेश दत्त, सचिव संगीता सिंह, प्राचार्य एडवर्ड लुगुन,सह प्राचार्य रेहाना खातून के द्वारा दीप प्रज्वलित और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों पर प्रकाश डाला। उनके मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि मेहनत, ईमानदारी और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। बच्चों को उन्होंने कहा कि बच्चे खूब मेहनत करें।समय का सदुपयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य एडवर्ड लुगुन ने किया।

